FIRST MOCK EXAMINATION – JANUARY 2018

**Roll No.** | | | | | | | |

**Series XXX / 5** **Code No. 085 / 1 / 1**

- Please check that this question paper contains 5 printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains 17 questions.
- Please write down the serial number of the question before attempting it.

**Hindi (SL)**

Class : X
Time allowed : 3 hrs

Date : 16/01/2018
Max. Marks : 80

---

1. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (9)

समय की गति बहुत तीव्र होती है । यह किसी की प्रतीक्षा नहीं करता । जो समय के अनुसार नहीं चलता , वह पिछड़ता ही चला जाता है । जिस व्यक्ति ने समय के महत्व को समझा वह सफलता की सीढ़ियाँ चढ़ता चला गया । इतिहास साक्षी है , जिसने भी समय को बरबाद किया वह स्वयं बरबाद हो गया । किसी कार्य को नियत समय पर न करने से हानि उठानी पड़ती है । जूलियस सीजर सभा में पाँच मिनट देर से पहुँचा और अपने प्राणों से हाथ धो बैठा । अपनी सेना के कुछ देर से पहुँचने के कारण नेपोलियन जैसे विश्व विजेता को भी पराजित होना पड़ा था । समय के महत्व को न समझनेवाले , न ही समाज एवं राष्ट्र का उद्धार कर सकते हैं। समय एक ऐसा देवता है जो प्रसन्न होने पर यदि नेपोलियन और सिकंदर बना देता है तो कुपित होने पर पतन के गर्त में ढकेल देता है । आज संसार में जो देश उन्नत , सभ्य , प्रगतिशील और महाशक्ति के रूप में जाने जाते है , वहाँ समय की महानता को खूब समझा गया है । वहाँ के निवासी अपना हर कार्य समय पर करते हैं तथा उनके दैनिक आचरण में समय निष्टा का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है । हमारे देश में समय का जितना दुरुपयोग होता है उतना अन्य कहीं नहीं होता । हम समय के महत्व को नहीं समझते । जबकि हम यह अच्छी तरह जानते हैं कि मानव की सफलता या असफलता समय के सदुपयोग या दुरुपयोग पर निर्भर करती है । समय के सदुपयोग में ही जीवन की

सार्थकता है ।

प्रश्न :

१. समय के अनुसार कार्य करनेवाले और कार्य न करनेवाले व्यक्ति की क्या स्थिति होती है ?

२. समय को किस प्रकार का देवता कहा गया है ?

३. समय के संबंध में इतिहास किस बात का साक्षी है तथा समय की महत्ता समझनेवाले देश को किस रूप में पहचाना जाता है ?

४. समय के महत्त्व के बारे में हम क्या जानते हैं ?

५. गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए ।

**2. निम्नलिखिए काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : -** (6)

जैसे नदी में
सिर्फ़ पानी नहीं बहता
फूल-पत्ते , लकड़ी , नावें ,
दीप और
मुर्दे तक बहते हैं ;
इसी तरह मन में
सिर्फ़ विचार नहीं रहते
सुगंध और प्रकाश
विश्वास और उदासी
सब रहते हैं एक साथ
वहीं बहाव का आधार पानी है
यहाँ प्राण और वाणी है ।
पानी कहीं थम न जाए
धारा सूखने न पाए
तो सब ठिकाने लग जाते हैं -
फूल पत्ते लकड़ी
नावें दीप और शरीर
सुगंध और प्रकाश
विश्वास और
इच्छाएँ अधीर ।

प्रश्न :-

१. कविता में नदी और मन की तुलना क्यों की गई है ?

२. मन के संदर्भ में ' सुगंध ' और ' प्रकाश ' तथा ' विश्वास और उदासी ' शब्दों से कवि का

क्या आशय है ?

३. ' ठिकाने लग जाना ' से क्या तत्पर्य है ? मन और नदी के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए ।

## खंड - ख

3. १. शब्द पद का रूप कब लेता है ? उदाहरण देकर समझाइए । (2)

२. रेखांकित पद है या शब्द ?

<u>सुनिल</u> दसवीं कक्षा में पढ़ता है ।

4. १. मंत्री बन जाने पर भी उसका व्यवहार पूर्ववत है । ( रचना के आधार पर वाक्य का भेद लिखिए ) (1)

२. जब सवेरा होता है तब सारा चराचर जाग उठता है । ( संयुक्त वाक्य में बदलिए ) (1)

३. मुझे उसका जन्मस्थान पता नहीं है । ( मिश्र वाक्य में बदलिए ) (1)

5. (क) समस्त पद बनाइए और भेद लिखिए : (4)

१. ग्राम की पंचायत   २. मेघ के समान करता है नाद जो

(ख) समास विग्रह करके भेद लिखिए :-

१. चौमासा   २. यथानियम

6. मुहावरों के वाक्य में प्रयोग कीजिए :- (2)

१. भूत सवार होना   २. कूट - कूटकर भरना

7. अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए । (4)

१. लड़कों ने रोटियाँ पकाए ।

२. इस दुकान में शुद्ध गाय का दूध मिलता है ।

३. आप मुझको भरोसा तो कीजिए ।

४. मेरे पास दो बेटे हैं ।

## खंड - ग

8. निम्नलिखित प्रश्नों क्व उत्तर लिखिए :-

१. छोटे भाई ने बड़े भाई साहब के नरम व्यवहार का क्या फ़ायदा उठाया ? (2)

२. ' जीवन में पहली बार मैं इस तरह विचलित हुआ हूँ ' - तताँरा ने ऐसा क्यों कहा ? (2)

३. शैलेंद्र ने कितनी फ़िल्में बनाई ? नाम लिखिए । (1)

9. ' कारतूस ' एकांकी से क्या संदेश मिलता है ? (5)

अथवा

' गिरगिट ' कहानी समाज में व्याप्त चाटुकारिता पर करारा व्यंग्य है - इसी पाठ के आधार पर सोदाहरण सिद्ध कीजिए ।

10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :-

१. कवयत्री ने ' मृदु तन ' किसे कहा है और उसे क्या करने के लिए कहा है ? ' मधुर - मधुर मेरे दीपक जल ' कविता के माधम से लिखिए । (2)

२. ' आत्मत्राण ' कविता की प्रार्थना अन्य प्रार्थना गीतों से कैसे भिन्न है ? (2)

३. तोप अपनी किस विशेषता से परिचित करवाना चाहती है ? (1)

11. ' मनुष्यता ' कविता के माध्यम से कवि ने किन गुणों को अपनाने का संकेत किया है ? (5) तर्क सहित उत्तर दीजिए ।

अथवा

' कर चले हम फिदा ' कविता के माध्यम से बताइए कि मरते समय सैनिक क्या - क्या इच्छाएँ प्रकट करते हैं ?

12. हरिहर काका के साथ उनके भाइयों का व्यवहार किन - किन परिस्थितियों में परिवर्तित हुआ और क्यों ? (5)

अथवा

टोपी की भावनात्मक परेशानियों को ध्यान में रखते हुए शिक्षा व्यवस्था में किस प्रकार बदलाव की आवश्यकता है । तर्क सहित उत्तर दीजिए ।

## खंड - घ ( लेखन )

13. दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए :- (5)

१. आत्मनिर्भरता
   * आत्मनिर्भरता का अर्थ
   * स्वतंत्रता
   * देश में आत्मनिर्भरता
   * विकास में सहायक

२. अच्छा स्वास्थ्य - महा वरदान
   * प्रस्तावना
   * स्वास्थ्य का महत्त्व
   * स्वास्थ्य के लिए संतुलित आहार
   * संतुलित विचार

३. आज की युवा पीढ़ी
   * चरित्र की प्रधानता
   * आत्मविश्वास
   * जागरूकता की आवश्यकता

14. आपके विद्यालय में कैंटीन की सुविधा उपलब्ध नहीं है । विद्यालय में कैंटीन की सुविधा उपलब्ध कराने का अनुरोध करते हुए प्रधानाचार्य जी को पत्र लिखिए । (5)

अथवा

बहुत दिनों से बिजली का मीटर खराब पड़ा हुआ था और फिर भी उसका बिल आया । इस संबंध में बिजली अधिकारी को पत्र लिखिए ।

15. कोलकत्ता के मेजस्टिक क्लब द्वारा एक मेगा चैरिटी शो उन लोगों के लिए भवन निर्माण हेतु रखा गया है , जो गलियों में रहते हैं । इस कार्यक्रम में भाग लेने वालों के लिए सचिव की तरफ से सूचना लिखिए । (5)

अथवा

आप इस वर्ष दशहरे के अवसर पर विद्यालय के प्रांगण में मेले का आयोजन करना चाहते हैं इसी से संबंधित सूचना विद्यालय के सूचनापट्ट के लिए लिखिए ।

16. नौकरानी से काँच का गिलास टूट गया । मालकिन द्वारा नौकरानी को डाँटते हुए संवाद लिखिए । (5)

अथवा

कक्षा अध्यापिका के सख्त व्यवहार को लेकर दो छात्रों के बीच संवाद लिखिए ।

17. खिलौनों के विक्रेता द्वारा विज्ञापन तैयार कीजिए । (5)

अथवा

' फर्नीचर हाउस ' के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

♫♫♫♫♫♫ ☺ ♫♫♫♫♫♫